COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI JAYANTILAL VIRCHANDBHAI SHAH): (a) Yes, Sir.

(b)NDDB's proposal for mixing of edible oils with low priced imported oils has been cleared by the Department of Civil Supplies and recommended to the Ministry of Health. It is expected that Ministry of Health would shortly issue the necessary notification.

(c) There is no proposal under consideration of Government to allow import of edible oil against export of extractions by the NDDB assisted State Federations Government has however, permitted import of edible oils against the export of milk powder by NDDB. Government has released foreign exchange for import of 30,000 tonnes of palmolein and NDDB has received 24,000 tonnes of palmolein already

(d) In view of (c) above the question does not arise.

कृषि और औद्योगिक उत्पादन का मूल्यों पर प्रभाव

250. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 26 नवम्बर, 1990 के दैनिक "टेलीग्राफ" मे "नो पोजिटिव इम्पैक्ट आन प्राइस फ्रंट" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि इस वर्ष देश में कृषि और औद्योगिक उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होने की संभावना है ; और

(ग) यदि हां, तो भरपूर उत्पादन होने के बावजूद पछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष अक्तूबर तक आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओ की कीमतों में वृद्धि होने के क्या कारण हैं और अक्तूबर, 1989 की तुलना में अक्तूबर, 1990 में कीमतों में कितनी वृद्धि हुई है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लरबर हुसैन) : (क) जी हा ।

(ख) यद्यपि पिछले वर्ष (1988-89) की तुलना मे 1989-90 मे खाद्यानों की कुल पैदावर मामूली-सी ही (0.4%) अधिक होने का अनुमान है, लेकिन गेहू की पैदावर मे 8.2% दलहन 8.9% और मूंगफली में 16.3 प्रतिशत की कमी हुई है । अप्रैल-सितम्बर, 1990 के दौरान औद्योगिक उत्पादन की दर 11.7 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 1989 को इसी अवधि मे 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर थी ।

(ग) इस अवधि में आवश्यक वस्तुओ की कीमतो में वृद्धि के जो मुख्य कारण हैं, वे नीचे दिए गए हैं.--

(1) तलहन और दलहन जैसी कुछ आवश्यक वस्तुओ की पैदावार में कमी,

(2) खरीफ और रबी दोनों फसलों के लिए धान, गेहूं, दलहन तिलहन इत्यादि की न्यूनतम खरीद/समर्थन मूल्यों को बढ़ाया जाना ।

(3) पेट्रोलियम उत्पादो के मूल्यों को पहले 1990-91 के केन्द्रीय बजट में और बाद में 14-10-90 को बढ़ाया जाना ।

(4) रेलवे बजट 1990-91 मे रेलवे ढुलाई भाड़ा तथा किरायों मे वृद्धि ।

(5) अन्य कारण जैसे अत्यधिक नकदी और मुद्रा पूर्ति मे वृद्धि का सम्मिलित प्रभाव, बढती हुई उपभोक्ता मांग और दलहन तथा खाद्य तेलों जैसी वस्तुओ की मांग व पूर्ति में अंतर ।

अक्तूबर 1989 और अक्तूबर, 1990 मे कुछ चुनी हुई वस्तुओ के थोक मूल्य सूचकांक और इस अवधि मे कीमतों मे हुए परिवर्तन दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

(आधार 1981-82=100)

वस्तु	थोक मूल्य सूचकाक		प्रतिशत उतार-चढ़ाव
	नवम्बर, 1989	नवम्बर, 1990	नवम्बर, 1990 नवम्बर, 1989
चावल	170.7	180.0	+5.4
गेहूं	151.8	168.4	+10.9
ज्वार	142.6	123.3	-13.5
बाजरा	124.7	143.1	+14.8
चना	213.4	216.5	+1.5
अरहर	197.5	275.8	+39.6
मूंग	201.8	202.4	+0.3
मसूर	145.7	219.8	+12.3
उड़द	256.0	276.0	+7.8
आलू	174.0	278.6	+60.1
प्याज	185.1	317.7	+71.6
दूध	201.7	203.6	+0.9
मछली	171.2	221.7	+29.5
गोश्त	204.4	220.1	+7.7
लाल मिर्च	152.7	124.9	-18.2
चाय	298.7	305.3	+2.2
कोयला	162.2	162.2	स्थिर
मिट्टी का तेल	129.9	160.8	+23.8
आटा	175.2	177.6	+1.4
चीनी	145.0	142.3	- 2.5
गुड़	167.1	172.0	+2.9
नमक	154.3	166.8	+8.1
वनस्पति	198.4	244.8	+23.4
सरसों का तेल	141.1	218.4	+54.8
नारियल का तेल	172.3	234.0	+35.8
मूंगफली का तेल	166.7	224.1	+34.4
सूती कपड़ा (मिल का)	151.7	159.7	+5.3
कपड़े धोने का साबुन	153.0	156.0	+2.0
नहाने का साबुन	200.1	215.1	+7.5
दियासलाई	134.4	134.4	स्थिर
सभी वस्तुएं	167.5	184.3	+10.0